# Daily Current Affairs 25/03/2021

## 1. भारत, पाकिस्तान, चीन SCO संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में भाग लेंगे



भारत, पाकिस्तान, चीन और शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के अन्य सदस्य 2021 में संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास करेंगे।

- संयुक्त अभ्यास "**पब्बी-एंटीटेरर -2021**" आयोजित करने का निर्णय उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित **रीजनल एंटी-टेररिस्ट स्ट्रक्चर (RATS) परिषद की 36वीं बैठक** के दौरान लिया गया।
- **नोट:** RATS SCO की परिषद की अगली बैठक सितंबर में उजबेकिस्तान में आयोजित की जाएगी।
- RATS जिसका मुख्यालय ताशकंद में है, SCO का एक स्थायी अंग है जो आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ सदस्य राज्यों के सहयोग को बढ़ावा देने का काम करता है।
- **SCO के बारे में तथ्य :**शंघाई सहयोग संगठन या शंघाई पैक्ट एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गठबंधन है।

  **स्थापना :** 15 जून 2001

  **सदस्य:** चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान।

  **मुख्यालय:** बीजिंग, चीन

## 2. सरकार बुजुर्गों के लिए पोषण अभियान शुरु करेगी




सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का उद्देश्य बुजुर्गों के लिए एक पोषण अभियान शुरू करना है, जो कि वृद्धजनों को पोषण सहायता प्रदान करना है, जो ओल्ड एज होम्स में नहीं रहते हैं और गंभीर कुपोषण के शिकार हैं।

- ग्राम पंचायत और शहरी नगरपालिका योजना की कार्यान्वयन एजेंसियां होंगी।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- **वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष** से योजना के लिए फण्ड प्रदान किया जायेगा।
- **पोषण अभियान के बारे में:** सरकार देश में कुपोषण की समस्या का समाधान करने के लिए 18 दिसम्बर 2017 से पोषण अभियान, पहले राष्ट्रीय पोषण मिशन के रूप में जाना जाता था, कार्यान्वित कर रही है।

**3. बिहार 'इथेनॉल उत्पादन संवर्धन नीति 2021' को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया**




बिहार 'इथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी 2021' लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है जो निवेशकों को मक्का, गुड़, टूटे चावल और सड़े हुए अनाज से सीधे इथेनॉल बनाने की अनुमति देगा।

- केंद्र सरकार ने **जैव ईंधन राष्ट्रीय नीति, 2018** के अनुरूप पहले ही दिसंबर 2020 में इथेनॉल के प्रत्यक्ष उत्पादन की अनुमति दे दी है।
- एक निवेशक को संयंत्र के साथ-साथ मशीनरी की लागत का 15% अतिरिक्त सरकारी अनुदान भी मिलेगा जोकि अधिकतम 05 करोड़ रुपये तक होगा। यह **बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016** के तहत मौजूदा प्रोत्साहनों के अतिरिक्त होगा।
- **नोट:** वर्तमान में, **भारत** 5.30 हज़ार बैरल इथेनॉल का उत्पादन करता है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है।
- वर्तमान में, **बिहार** प्रति वर्ष 12 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन कर रहा है और यह देश का पांचवां सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक राज्य है।
- **उत्तर प्रदेश** देश में सबसे अधिक इथेनॉल उत्पादक राज्य है।


**4. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भारत का पहला FPO पोर्टल लॉन्च किया**

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series ENROL NOW



- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक कार्यक्रम में किसान कल्याण मिशन के हिस्से के रूप में **'UPFPO शक्ति पोर्टल'** लॉन्च किया।
- फार्मर प्रोडूसर आर्गेनाइजेशन-सेंट्रिक (FPO-सेंट्रिक) पोर्टल किसानों, उत्पादक समूहों, व्यापारियों और कृषि और उत्तर प्रदेश के अन्य संबद्ध विभागों को एक मंच पर लाएगा।
- पोर्टल को **बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (BMGF)** से तकनीकी और वित्त पोषण सहायता के साथ विकसित किया गया।
- **नोट:** राज्य में वर्तमान में 576 FPO हैं जिनमें लगभग 2.15 लाख किसान शामिल हैं। इनमें से 471 FPO ने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है।

## 5. भारत, अमेरिका पुनः होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग स्थापित करेंगे



Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- **जो बाइडन प्रशासन** ने भारत के साथ होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग को फिर से स्थापित करने की घोषणा की है जिसे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बंद कर दिया गया था।
- होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी अलेजांद्रो मयोरकास और US में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने US-इंडिया होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग को फिर से स्थापित करने और साइबर सुरक्षा, उभरती तकनीक और हिंसक अतिवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की।
- **नोट:** ओबामा प्रशासन की एक पहल जिसको भारत में मई 2011 में पहली इंडिया-US होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग आयोजित किया गया था।
- दूसरा इंडिया-US होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग 2013 में वाशिंगटन DC में आयोजित किया गया था।

**6. भारत सरकार ने अनुबंध के प्रवर्तन और सुलह तंत्र को लागू करने की ओर कदम बढ़ाया**




- अनुबंध के प्रवर्तन और सुलह तंत्र को लागू करने पर जोर देने के लिए **NITI आयोग ने दो कार्यबल का गठन किया है।**
- **अनुबंध के प्रवर्तन को लेकर गठित कार्यबल**: यह इस संबंध में अनुबंध के प्रवर्तन के एक नीतिगत ढांचे के लिए अपनी सिफारिश देगा।
- NITI आयोग के उपाध्यक्ष इस कार्यबल के अध्यक्ष होंगे।
- कार्यबल वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के प्रासंगिक प्रावधानों की भी जांच करेगा।
- **सुलह तंत्र पर गठित कार्यबल:** यह एक प्रभावी सुलह तंत्र पर अपनी सिफारिश देगा।
- NITI आयोग के CEO इस कार्यबल के अध्यक्ष होंगे।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW

- कार्यबल मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रासंगिक प्रावधानों की भी जांच करेगा।
- **NITI (नेशनल इंस्टिट्यूशन फॉर ट्रांस्फोर्मिंग इंडिया) आयोग के बारे में तथ्य:**
  **स्थापना:** 1 जनवरी 2015
  **मुख्यालय:** नई दिल्ली
  **अध्यक्ष:** नरेंद्र मोदी
  **उपाध्यक्ष:** राजीव कुमार
  **CEO:** अमिताभ कांत

**7. केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में शहीद भगत सिंह स्मारक का उद्घाटन किया**




दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के हमारे राष्ट्रीय प्रतीक - **शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु** के शहादत के 90 वर्ष पूरे होने पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए **'शहीद दिवस'** पर एक कार्यक्रम का आयोजन वाइसरीगल लॉज के कन्वेंशन हॉल में किया गया।

- इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने शहीद भगत सिंह स्मारक का उद्घाटन किया।
- भगत सिंह स्मारक में स्वतंत्रता सेनानियों की पुस्तकों के मौजूदा संग्रह को **"शहीद स्मृति पुस्तकालय"** में परिवर्तित करने की घोषणा की गई है।

8. रॉयल लंदन कप 2021 के लिए श्रेयस अय्यर ने लंकाशायर के साथ करार किया

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW



- इंग्लिश काउंटी **लंकाशायर** ने 2021 **रॉयल लंदन कप** के लिए भारतीय बल्लेबाज **श्रेयस अय्यर** के विदेशी हस्ताक्षर की घोषणा की है।
- शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट में सबसे आक्रामक और धाराप्रवाह खिलाड़ी माना जाता है और उन्होंने अपने देश के लिए 21 वनडे और 29 T20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।
- **नोट:** क्लब में शामिल होने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज फारुख इंजीनियर थे जो 1968 में क्लब में शामिल हुए थे।
- इंजीनियर के सेवानिवृत्त होने के बाद, चार अन्य भारतीय - मुरली कार्तिक, दिनेश मोंगिया, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली ने क्लब का प्रतिनिधित्व किया।

**9. हिन्दी लेखक प्रोफेसर शरद पगारे को 2020 का व्यास सम्मान दिया जायेगा**



- जाने माने हिन्दी लेखक प्रोफेसर शरद पगारे को उनके उपन्यास 'पाटलीपुत्र की सामाज्ञी' के लिए 2020 का प्रतिष्ठित व्यास सम्मान दिया जायेगा।
- **नोट: व्यास सम्मान** की शुरूआत 1991 में हुई थी। के के बिरला फाउंडेशन का यह पुरस्कार पिछले दस वर्ष में प्रकाशित भारतीय लेखक की हिन्दी रचनाओं के लिए दिया जाता है।
- इसके तहत चार लाख रूपये, प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW